बनेगा महागठबंधन कोआर्डिनेशन कमिटी, वर्चुअल बैठक में शामिल महागठबंधन के सभी दलों के नेताओं ने अपनी सहमती दी

बेगूसराय में डीएसपी के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद एसपी कार्यालय अगले तीन-चार दिनों के लिए बंद तो गया में डिप्टी मेयर कोरोना से संक्रमित पाये गए, घर में हुए आइसोलेट

कोरोना के संक्रमण को रोकने व कांवरियों के जीवन सुरक्षा को लेकर जनहित में सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर का कपाट सावन भर रहेगा बंद, जलाभिषेक एवं श्रावणी मेले के आयोजन पर रोक

पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित करने तेलंगाना सरकार का प्रयास- पोते ने की तारीफ

युवराज
NEWS TODAY Update
www.newstodayupdate.in
# न्यूज़ टुडे
RNI:- BIHHIN05409
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक
आपकी आवाज़

वर्ष : 06 अंक : 10+25 तिथि : 25जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

## न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## बनेगा महागठबंधन कोआर्डिनेशन कमिटी, वर्चुअल बैठक में शामिल महागठबंधन के सभी दलों के नेताओं ने अपनी सहमति दी



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह

सियासी गहमा-गहमी




आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में उठा–पटक का दौर जारी है। तेजस्वी यादव के रवैये से महागठबंधन के सहयोगी उपेंद्र कुशवाह व जीतन राम मांझी काफी नाराज हैं। इसको लेकर नाराजगी जताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने राजद को अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि 25 जून तक महागठबंधन को बचाने के लिए कोआर्डिनेशन कमिटी बनाने की मांग की थी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वे अपना फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

**वर्चुअल बैठक में शामिल महागठबंधन के नेता**

महागठबंधन के बचाने के लिए कांग्रेस काफी प्रयासरत है। इसको लेकर 24 जून को महागठबंधन के सभी दलों की एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में कांग्रेस के तरफ से अहमद पटेल व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा, हम से जीतन राम मांझी, रालोसपा से उपेन्द्र कुशवाहा तथा राजद से तेजस्वी के जगह सांसद व राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा शामिल हुए थे।

**कोआर्डिनेशन कमिटी बनाने पर सभी सहमत**

बैठक में जीतन राम मांझी के मांगों को लगभग सभी दलों ने स्वीकार कर लिया है। राजद समेत सभी दलों ने कोआर्डिनेशन कमिटी बनाने पर सहमति दी है। और बताया जा रहा है कि इस महीने के अंत तक कोआर्डिनेशन कमेटी बनने की संभावना है। अगर राजद फिर से अडिग नहीं होती है तब। वैसे यह फैसला राजद सुप्रीमों लालू यादव लेंगे।

**कॉमन मिनिमम प्रोग्राम भी बनना चाहिए**

कोऑर्डिनेशन कमिटी बनाने के लिए बिहार कांग्रेस के चुनाव प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल दिल्ली से पटना पहुंचेंगे। जीतन राम मांझी ने कहा कि कोऑर्डिनेशन कमिटी बनने के बाद सप्ताह भर के अंदर कॉमन मिनिमम प्रोग्राम भी बनना चाहिए जिसके तहत इलेक्शन एजेंडे की रूपरेखा तय की जाएगी।

**लालू ही बचा सकते हैं महागठबंधन**

अगर ऐसा नहीं होता है तब हम पार्टी अपना फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। वैसे अब महागठबंधन बचाने की पूरी जिम्मेदारी राजद के ऊपर है। अगर राजद सुप्रीमों कोऑर्डिनेशन कमिटी बनाने की सहमति देते हैं तब महागठबंधन बचने की संभावना है।

## बेगूसराय में डीएसपी के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद एसपी कार्यालय अगले तीन-चार दिनों के लिए बंद तो गया में डिप्टी मेयर कोरोना से संक्रमित पाये गए, घर में हुए आइसोलेट



सम्राट, संवाददाता







बिहार में कोरोना अब विकराल होता जा रहा है। ताजा खबर है कि बेगूसराय में एक डीएसपी और गया में वहां के डिप्टी मेयर कोरोना से संक्रमित पाये गए हैं। बेगूसराय में तो डीएसपी रैंक के अधिकारी के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद वहां के एसपी कार्यालय को अगले तीन–चार दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। एसपी सहित उनके कार्यालय के सभी कर्मियों की कोरोना जांच करायी जा रही है।

इधर अन्य जिलों से भी कोरोना संक्रमितों की संख्या में भारी इजाफे की खबर है। गया के डिप्टी मेयर की दो दिन पहले ट्रू नेट से जांच हुई थी जिसमें उनके पॉजिटिव आने के बाद उनकी फिर से जांच के लिए सैंपल पटना भेजा गया था। आज बुधवार को भी उनकी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। फिलहाल डिप्टी मेयर घर में आइसोलेट हैं, लेकिन अब उन्हें कोरोना अस्पताल में भर्ती किया जाएगा।

इधर बिहार के 21 जिलों में बुधवार को 130 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले। इसके साथ ही राज्य में कोविड 19 संक्रमितों की संख्या 8180 हो गयी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार अरवल में 4, औरंगाबाद में 7, बाँका में 1, भागलपुर में 6, भोजपुर में 4, दरभंगा में 4, गया में 12, कटिहार में 2, लखीसराय में 5, मधुबनी में 6, मुंगेर में 1, मुजफ्फरपुर में 25, नालंदा में 3, पटना में 4, सहरसा में 3, समस्तीपुर में 7, सारण में 1, शेखपुरा में 1, सीतामढ़ी में 1, सीवान में 29 और सुपौल में 4 संक्रमित मिले।

## पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित करने तेलंगाना सरकार का प्रयास- पोते ने की तारीफ



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

सम्मान




तेलंगाना सरकार द्वारा दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को सम्मानित करने के प्रयासों की पोते एनवी सुभाष ने सरहाना की है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर रॉव द्वारा की गई पहल का सम्मान करता हैं।

उन्होंने कहा कि इससे पहले उन्होंने और उनके परिवारवालों ने पहले कांग्रेस से भी अपने दादा को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की सिफारिश की थी, लेकिन उस दौरान केंद्र में मौजूद केंद्र सरकार ने इसको नजरअंदाज कर दिया गया। पत्रकारों को आधिकारिक रुप से तेलंगाना बीजेपी प्रवक्ता इसकी जानकारी दी।

## कोरोना के संक्रमण को रोकने व कांवरियों के जीवन सुरक्षा को लेकर जनहित में सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर का कपाट सावन भर रहेगा बंद, जलाभिषेक एवं श्रावणी मेले के आयोजन पर रोक



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

अच्छी पहल




बिहार का अतिप्राचीन सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर अरेराज में होने वाले श्रावणी मेले के आयोजन पर एक माह तक के लिए रोक लगा दी गई है। मंदिर के महंत, स्थानीय प्रशासन व पुलिस के वरीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक में गहन विचार– विमर्श के उपरांत यह निर्णय लिया गया। कहा गया कि कोरोना के संक्रमण को रोकने व कांवरियों के जीवन सुरक्षा को लेकर जनहित में मंदिर का कपाट सावन भर बंद रहेगा और श्रद्धालु जलाभिषेक नही करेगे। बैठक का आयोजन एसडीओ धीरेंद्र कुमार मिश्र के कार्यालय कक्ष में हुई।

एसडीएम श्री मिश्रा ने कहा कि सावन मास में बाबा को जलाभिषेक करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु अरेराज पहुंचते हैं। शिवभक्तों की अप्रत्याशित भीड़ के बीच शारीरिक दूरी को बनाए रखना संभव प्रतीत नहीं होता है। अगर एक भी श्रद्धालु दर्शन पूजन के क्रम में कोरोना पॉ॰िटिव श्रद्धालु भीड़ के बीच मन्दिर में प्रवेश कर जाता है तो हजारों की संख्या में लोग कोरोना से संक्रमित हो सकते है। ऐसी स्थिति में जन सुरक्षा का ख्याल करते हुए इस वर्ष श्रावणी मेले के आयोजन पर ही रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। विभिन्न नदियों से जलबोझी कर कांवरिया अरेराज बाबा के दरबार मे नही पहुंचे इसके लिए जिले के सभी एसडीओ, एसडीपीओ सहित सभी वरीय पदाधिकारियों को पत्र भेजकर सूचित किया जाएगा। व्यापक स्तर पर गांव–गांव व घर–घर लोगों को इसकी जनकारी दी जाएगी।

पीठाधीश्वर महंत रविशंकर गिरि ने कहा कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए बैठक में लिए गए निर्णय का मन्दिर परिसर में अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। आषाढ़ पूर्णिमा को हर साल श्रावणी मेले के उद्घाटन समारोह संपन्न होने की परंपरा पहले से चली आ रही है। इस साल के सावन का शुभारंभ छह जुलाई से हो रहा है, जबकि समापन तीन अगस्त को होगा। एक माह में पांच सोमवार व छह शुक्रवार का संयोग मिलने से इस साल के सावन का महत्व भी बढ़ गया है, लेकिन कोरोना संक्रमण को लेकर मन्दिर की बन्दी की घोषणा से शिवभक्तों व अरेराज के व्यवसायियों में भी मायूसी दिखने लगी है।

मौके एएसडीएम सतीश रंजन, डीएसपी ज्योति प्रकाश, डीसीएलआर संजय कुमार, ई ओ संदीप कुमार, बीडीओ मनोरंजन कुमार पाण्डेय, सीओ वकील सिंह, एम्ओ आजितेंद्र झा उपस्थित थे।

NEWS TODAY Update — Web News Portal: www.newstodayupdate.in
न्यूज़ टुडे — राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका
Yuvaraj Media & Entertainment — An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

CSC ID: 117745760015
CSC
E-GOVERNANCE SERVICES INDIA LIMITED
Digital India Power To Empower
भारत सरकार
डिजिटल सेवा
कॉमन सर्विस सेन्टर
अष्ठाना-निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401.
मो०: 9471005272 / 8210595830

NEWS TODAY Update | न्यूज़ टुडे | Yuvaraj Media & Entertainment
चुनाव प्रचार
हमारा लक्ष्य, आपकी जीत
DIGITAL CAMPAIGNING
Bulk SMS Marketing
Whatsapp Marketing
Social Media Marketing
Voice Call Marketing
बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के लिये संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# बैलगाड़ी से नेपाल में माल ढुलाई पर प्रतिबंध हटा, चालक संघ ने भारतीय कस्टम, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन व नेपाल भंसार के प्रति जताया आभार



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




लॉकडाउन के बाद से भारत और नेपाल के बीच माल ढुलाई कार्य करने वाले बैलगाड़ी के आवाजाही पर लगी रोक अब खत्म कर दी गई है। जिसके साथ ही बैलगाड़ी से माल ढुलाई का कार्य फिर से शुरू हो जाने से बैलगाड़ी चालकों के चेहरे खुल उठे हैं। वहीं अब उन्हे आर्थिक संकट से उबरने का माध्यम मिल गया है। जिससे बैलगाड़ी संचालक व चालकों में हर्ष का माहौल है। बता दे कि रक्सौल ट्रांसपोर्ट से बैलगाड़ी चालक माल लेकर बीरगंज भंसार तक पहुंचाने का कार्य करते हैं।
लॉकडाउन के बाद इसके माध्यम से नेपाल भंसार में माल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिस कारण बैलगाड़ी चालकों ने अपनी समस्याओं को लेकर आंदोलन कर इसकी जानकारी भारतीय कस्टम व नेपाल भंसार को दिया था। बैलगाड़ी चालक संघ के अध्यक्ष चंद्रकिशोर यादव ने बताया कि लॉकडाउन के बाद माल ढुलाई से रोक लगने पर करीब 300 बैलगाड़ी व ठेला चालकों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी थी। जिसके बाद ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन व टायर चालक संघ से वार्ता के बाद नेपाली भंसार से वार्ता हुई।
जिसके बाद सहमति मिला कि जो बीरगंज के लोकल का अगर माल है, तो वह कागजी प्रक्रिया पूरी करने पर रक्सौल कस्टम से होकर नेपाल जाएगी।जिसके बाद बैलगाड़ी से माल ले जाना शुरू हो गया। बुधवार को बैलगाड़ी से माल ले जाते चालक ठग महतो, रामाश्रय यादव, सत्यनारायण यादव, कृष्णा पटेल, राजबली यादव, मेवालाल यादव, राजू साह सहित अन्य ने कहा कि अब माल बैलगाड़ी से बीरगंज भंसार तक जाना शुरू हो गया है। इसके लिए चालक संघ ने भारतीय कस्टम, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन व नेपाल भंसार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# युवा राष्ट्रीय जनता दल के नव मनोनीत 13 प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत, जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव ने नव मनोनीत पार्टी नेताओं को दिया मनोनयन पत्र



रिंकू गिरी,
संवाददाता




युवा राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय परिसर में जिलाध्यक्ष ई. एहतेशाम अहमद ने प्रकोष्ठ का विस्तार किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव ने युवा राजद के प्रखंड कमेटी के नव मनोनीत पार्टी नेताओं को मनोनयन पत्र दिया।

ई. अहमद ने बताया कि संजय कुमार यादव को हरसिद्धि, तबरेज अजीज उर्फ मुन्ना खान को तुरकौलिया, जयलाल पटेल को कल्याणपुर, संजय कुमार यादव को कोटवा, अजीत कुमार यादव को मोतिहारी, समीर आलम उर्फ प्रिस को पीपराकोठी, अवधेश कुमार को तेतरिया, रंजन कुमार उर्फ गुड्डू को चकिया, रिजवान अहमद को मेहसी, राकेश कुमार को फेनहारा, किरानी सहनी को मधुबन, अवनीश कुमार को पकड़ीदयाल व जगदीश प्रसाद को आदापुर का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी को पार्टी के नीति व सिद्धांत पर काम करने का संकल्प दिया गया।

मौके पर पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव, संतोष कुशवाहा, संजय निराला, मुनीलाल यादव, उमाशंकर यादव, सुरेश यादव, राकेश रौशन उर्फ पप्पू सहनी, डॉ. राजीव प्रकाश, पवन यादव, अनमोल यादव, अनुराग यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# बिरयानी हाउस में उत्पाद विभाग की टीम ने छापा मारा, अंग्रेजी शराब के साथ होटल संचालक गिरफ्तार



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,

कार्रवाई




शहर के छतौनी थाना क्षेत्र के आर्यसमाज चौक पर बुधवार की शाम बिरयानी हाउस में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर होटल संचालक को गिरफ्तार किया है। टीम ने उसके पास से एक बोतल अंग्रेजी शराब भी जब्त किया है।

छापेमारी टीम में उत्पाद निरीक्षक मनीष सर्राफ व पुलिस बल के जवान शामिल थे। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि बिरयानी हाउस में शराब भी ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाती है। सूचना पर छापेमारी के दौरान होटल संचालक अशोक कुमार पासवान को एक बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# मानसून की पहली बारिश में ही जानपुल इलाके की हालत खस्ता, रैक प्वाइंट के उतरी छोर वाले गुमटी से मुख्य सड़क तक 2-3 फीट जलजमाव व कीचड़ होने से बाजार समिति प्रभावित



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




मानसून की पहली बारिश में ही जानपुल इलाके की हालत खस्ता हो गई है। इसके अधिकांश इलाकों में जलजमाव कीचड़ का आलम है। सबसे खराब स्थिति बाजार समिति इलाके का है। यह पूरी तरह नरक के सामान हो गया है। यहां रैक प्वाइंट के उतरी छोर वाले गुमटी से मुख्य सड़क तक 2–3 फीट जलजमाव कीचड़ है। सड़कों पर भी जगह–जगह गड्ढे बने हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। नाले हैं भी तो उड़ाही के अभाव में जाम पड़े हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि शहर का सारा नाला का पानी और कीचड़ यही जमा होकर एक बड़ा–सा तालाब का निर्माण करता है। आस–पास के दुकानदार सड़े हुए आलू, प्याज, और सभी फल व सब्जी सड़क पर फेंक देते है और हल्की भी बारिश में इससे दुर्गन्ध आनी शुरू हो जाती है। यहां आने वाले लोगों को भी डर लगता है कि कब गाड़ी पलट जाए या फिर गंदगी से कोरोना जैसी संक्रमण के शिकार न हो जाएं।
बाजार समिति के अध्यक्ष अशोक डॉलर का कहना है कि बाजार समिति 1988 से ही चालू है। बाजार समिति में एक कोआपरेटिव संस्था बनी जिसको विश्व बैंक द्वारा पैसा मिला था, जिसको लेकर सड़क पर गाड़ियों से अवैध वसूली की जाती थी। जब वर्ष 2005 में एनडीए की सरकार आई तो इसकी जांच–पड़ताल की तो मालूम चला कि विश्व बैंक का पैसा पूरा दे दिया गया है। 40 साल पहले के समय में बाजार समिति में 6 चक्का चलने वाली गाड़ी जिस पर 10 टन ही माल लोड होता था, उसी के अनुसार सड़क भी बनी थी। अब उसी सड़क पर 12–22 चक्का वाला गाड़ी जिसपर 60 टन माल लदा होता है चलती है, जिससे सभी सड़कें टूटी हुई है। यहां एफसीआई का भी दो गोदाम भी है,जिसमें प्रतिदिन 78 गाड़ियां चलती है। प्रतिदिन 100 गाड़ियां इस रोड पर दौड़ती रहती है।
नगरपरिषद अगर बाजार समिति में सफाई कर्मचारी को बहाल कर दे और अन्य सभी सुविधाएं देने लगे तो समिति में जितने भी लाइसेंसधारी व्यवसायी है वे सभी उन्हें टैक्स भी देंगे। यदि जिला प्रशासन और एसडीएम चाहे तो सफाई कर्मचारी को बहाल कर सकते है, लेकिन वे लोग ध्यान नहीं देते है। एक अदद सुरक्षा गार्ड भी नहीं है।

### सड़क व पुलिया का शिलान्यास 28 को, काफी अर्से से दुर्दशा झेल रही बाजार समिति के अब दिन बहुरेंगे

काफी अर्से से दुर्दशा झेल रही बाजार समिति के अब दिन बहुरने वाले हैं। यहां नाला, नये भवन, सड़क, पुलिया को बनाने के लिए 15 करोड़ का टेंडर हो चुका है। यह काम पुल निगम विभाग को मिला है। इसका शिलन्यास 28 जून को किया जाएगा। बाजार समिति के अध्यक्ष अशोक डॉलर ने बताया कि यह शिलान्यास कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार करेंगे। इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विधान पार्षद बबलू गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे। इस काम के पूरा हो जाने के बाद सभी लोगों को दोबारा बाजार समिति में पानी एवं कीचड़ जैसी समस्या को झेलना नहीं पड़ेगा।

# पूर्वी व पश्चिमी चंपारण समेत उत्तर बिहार सहित कई जिलों में आज और कल के लिए भारी से भारी बारिश का अलर्ट जारी



सम्राट, संवाददाता




उत्तर बिहार सहित कई जिलों में आज और कल के लिए भारी से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार गुरुवार को अररिया और किशनगंज जिले को रेड जोन में रखा है। पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान सारण, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर, सुपौल, पूर्णिया, सहरसा और मधेपुरा को ऑरेंज जोन में रखा गया है।

### अगले 24 घंटों में भारी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में दक्षिण बिहार से गुजर रही टर्फ ऑफ लाइन उत्तर बिहार की ओर शिफ्ट होगी। इसके साथ ही अरब सागर और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र से आ रही नमी युक्त हवाओं का उत्तर बिहार में मिलन होगा। इस वजह से भारी बारिश की ऐसी स्थिति बनी है।

### बिहार के इन जिलों में मौसम का ऐसा रहेगा मिजाज

पटना में जहां अगले दो दिनों में मौसम में बदलाव दिखेगा वहीं पारे में उतार चढ़ाव भी होता रहेगा। गया में बादल छाए रहने के आसार हैं। रुक–रुक कर बारिश भी हो सकती है। पूर्णिया और भागलपुर में गुरुवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे। पूर्णिया और भागलपुर में वज्रपात के भी आसार हैं।
पटना में बुधवार की देर रात कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई उसके बाद से गुरुवार को दिनभर गर्मी और उमस की स्थिति बनी रही। पटना का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं गया में पारा 35.2 डिग्री सेल्सियस रहा। भागलपुर में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री तक पहुंच गया। पूर्णिया का पारा भी 34.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि गुरुवार से पूर्णिया और भागलपुर में पारे में गिरावट के आसार है। अगले दो तीन दिनों में दक्षिणी बिहार में एक दो जगहों पर ही हल्की से मध्यम बारिश की स्थिति रहेगी।

### रेड जोन में है ये जिले

शुक्रवार को राज्य के लगभग 10 जिले रेड जोन में है। इनमें पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, सहरसा और मधेपुरा में भारी से भारी बारिश की स्थिति बन रही है।

शुक्रवार को 10 जिलों में रेड अलर्ट के अलावा सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर दरभंगा, वैशाली, शिवहर समस्तीपुर, कटिहार, भागलपुर, बांका, मुंगेर, खगड़िया और जमुई के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। यानी इलाकों में गरज–धड़क के साथ कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। इन इलाकों में वज्रपात के भी आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से अगले 48 घंटों में मौसम की अनुमानित स्थिति से राज्य सरकार को अवगत करा दिया गया है।





युवराज मीडिया एंड एंटरटेणमेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरु होगी।

निर्माता: 9471005272




NEWS TODAY Update
युवराज न्यूज़ टुडे आपकी आवाज
RNI:- BIHHIN05409

News Today Digital Paper Tarrif

| | | |
|---|---|---|
| Back Page Full | : 27.94 X 43.18 cm | = 55000.00 |
| Back Page Half | : 13.97 X 21.59 cm | = 30000.00 |
| Back Page Quarter | : 06.98 X 10.79 cm | = 20000.00 |
| Complimentery Ad | : 04.00 X 06.00 cm | = 5000.00 |

Inner Page 25% less of all Tarrif

Portal Tarrif

| PARTICILAR | DAILY (MIN. 15 DAYS) | MONTHLY | YEARLY |
|---|---|---|---|
| HEADER : | 2000 | 50,000 | 5,00,000 |
| UNDER NEWS : | 1000 | 25,000 | 2,50,000 |
| SIDE, MIDDLE & OTH : | 1500 | 35,000 | 3,50,000 |

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830